# राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड

**(भारत सरकार का उपक्रम)**

प्लॉट नं. जी–25, 26, 27 यू.पी.एस.आई.डी.सी. ग्रोथ सेंटर
जमौर, शाहजहाँपुर–242226

E Mail- shahjahanpur@indiaseeds.com मो0नं0–9149199939

---

**पत्रांकः अभियंत्रण/1/एन0एन0सी0/शाह0/2023–24** **दिनांकः– 13/03/2024**

## निविदा सूचना

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) के शाहजहाँपुर कार्यालय में उपलब्ध पुराने विधायन संयंत्र मशीनरी एवं अन्य अनुपयुक्त आइटमों की नीला मी मोहरबंद निविदा एवं खुली बोली दिनांक 22.03.2024 के माध्यम से निस्तारित की जानी है।

इच्छुक निविदाकार प्रक्षेत्र कार्यालय शाहजहाँपुर से किसी भी कार्य दिवस में निविदा दास्तावेज के मूल्य रु० 118.00 (सभी कर सहित) (अप्रतिदेय) का भुगतान कर दिनांक 22–03–2024 अपरान्ह 12:00 बजे तक निविदा दस्तावेज़ प्राप्त कर सकते हैं।

सभी निविदादाताओं को खुली नीलामी से पूर्व बंद लिफाफे में निविदा जमा करानी होगी व उसके पश्चात ही निविदादाता खुली नीलामी में भाग ले पाएंगे। बंद लिफाफे में मोहरबंद निविदा दिनांक 22–03–2024 को अपरान्ह 13:00 बजे तक जमा की जाएंगी एवं खुली बोली उसी दिन अपरान्ह 14:00 बजे से शुरू की जाएगी। निविदा दस्तावेज़ और अन्य विवरण www.indiaseeds.com & https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं।

क्षेत्र प्रबन्धक
राष्ट्रीय बीज निगम शाहजहाँपुर

**<u>निविदा के नियम व शर्तें निम्न प्रकार है:–</u>**

1–इच्छुक निविदादाताओं द्वारा अनुपयुक्त सामग्री का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस पर राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड के शाहजहाँपुर कार्यालय पर आकर किया जा सकता है।

2–निविदा दाता को धरोहर राशि के रूप में रू0 10,000/–(दस हजार रूपये मात्र ) निगम के खाता में जमा कराना होगा एवं उसका साक्ष्य (यू.टी.आर. सं0) निविदा के साथ संलग्न करना होगा। **धरोहर राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट, FD या चेक के रूप में मान्य नहीं होगा।** असफल निविदादाता की धरोहर राशि निविदादाता के बैंक खाते में ही वापिस की जायेगी। सफल निविदा दाता की धरोहर राशि को अन्तिम भुगतान में समायोजित किया जाएगा।

**<u>निगम के खाता सं0 का विवरण:–</u>**

Name - NATIONAL SEEDS CORPORATION LIMITED
Bank Name - SBI, ALAMBAGH, LUCKNOW
A/C NO. - 32945078374 IFSC CODE - SBIN0003222

3–सभी निविदादाताओं को खुली नीलामी से पूर्व बन्द लिफाफे में निविदा जमा करानी होगी व उसके पश्चात् ही वो खुली नीलामी में भाग ले सकेंगे। निगम को उन आइटम्स की बन्द लिफाफे में निविदा प्राप्त करने का अथवा पुनः नीलामी कराने का अधिकार होगा। जिन सामग्री की प्राप्त अधिकतम बोली समिति द्वारा स्वीकृत नहीं की जाती है।

4–निविदादाताओं द्वारा बंद लिफाफे में में दिये गये रेट एवं खुली बोली में दिये गये रेट में जो भी अधिकतम होगा, उसे निविदा मूल्य माना जायेगा।

5–निविदा दाता को अपने आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति निविदा प्रपत्र के साथ जमा करनी होगी।

6–निविदा दाता को अपना जी.एस.टी. नम्बर की स्वप्रमाणित प्रति भी निविदा प्रपत्र के साथ जमा करनी होगी।

7–खरीदे गये सामग्री पर वर्गवार ट्रेड टेक्स, जी०एस०टी०, TCS नियमानुसार देय होगा।

8–निविदा में दी जाने वाली दरें केवल निर्धारित प्रपत्र में ही मान्य होगी।

9–उल्लेखित दरें अंकों व शब्दों में स्पष्ट रूप से उल्लेखित होनी चाहिये।

10–कटिंग व ओवरराइटिंग यथासंभव न की जाय, यदि हो तो उस पर निविदादाता के हस्ताक्षर होना चाहिये।

11–निविदा छूटने पर सफल निविदा प्राप्तकर्ता को निविदा मूल्य का 25 प्रतिशत राशि जमानत के रूप में नीलामी के तुरंत बाद जमा करानी होगी।

12–सफल निविदा प्राप्तकर्ता को स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 03 दिन के भीतर GST, TCS व आयकर सहित पूर्ण भुगतान जमा करना होगा अन्यथा कुल धनराशि पर 2 प्रतिशत अतिरिक्त जमा करना होगा।

13–अनुपयुक्त सामग्री को स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 07 दिनों के भीतर हर हाल में उठाना अनिवार्य होगा अन्यथा उसके द्वारा जमा की गयी धरोहर राशि (रूपये 10,000/–) एवं जमा की गयी जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी।

14–सफल निविदा दाता को अनुपयुक्त सामग्री जहाँ है जिस हालत में है उठानी होगी। निगम को आइटम घटाने/बढ़ाने अथवा निस्तारण न करने का पूर्ण अधिकार होगा।

15–सामग्री को उठाने के लिए अपना साधन एवं वारदाना साथ में लाना होगा तथा गोदाम से सामग्री उठाने का प्रबन्ध स्वंय करना होगा।

16–निस्तारण किया गया सामान किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान दिया जायेगा। यदि निविदादाता निस्तारण की गयी आइटम को अपने किसी प्रतिनिधि द्वारा उठवाता है तो उसके पास सामान को प्राप्त करने का अथॉरिटी लेटर होना चाहिये तथा निविदादाता द्वारा एन.एस.सी को इस बारे में पूर्व लिखित सूचना देना अनिवार्य होगा।

17–राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड का कोई भी कर्मचारी या उनके परिवार का सदस्य नीलामी में किसी भी प्रकार से भाग लेने का अधिकारी नहीं है।

18–यदि कोई निविदादाता निगम के किसी कर्मचारी/अधिकारी से अनुचित लाभ लेने हेतु कोई सिफारिश करता हुआ पाया जाता है चाहे कारण जो भी हो, तो उसे निविदा में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जायेगा।

19–राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड को पूरा अधिकार होगा कि वह किसी भी बोली दाता को बिना कारण बताये निविदा को निरस्त कर सकते है और इस विषय मे समिति द्वारा लिया गया निर्णय सर्वमान्य होगा।

20–यदि किसी भी नियम शर्त के कारण एन.एस.सी और दूसरे पक्ष के बीच कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो दोनों पक्ष इसे आपसी समझ और चर्चा के माध्यम से हल करने का विकल्प चुनेंगे। यदि चर्चा उपरान्त भी विवाद बना रहता है तो यह दोनों पक्षों के लिये बाध्य होगा कि वह समय–समय पर संशोधित किये गये मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 के प्रावधानों के तहत मुद्दों को हल करने का प्रयास करेंगे। इस प्रावधान के तहत, दोनों पक्षों की सहमति से अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, नेशनल सीड्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड इस मुद्दे को हल करने के लिये एकमात्र मध्यस्थ नियुक्त करेंगे और दोनों पक्षों को मध्यस्थ का निर्णय मान्य होगा। दोनों पक्ष न्यायिक अदालत में जाने से पहले मध्यस्थता के माध्यम से इस विवाद को हल करने के लिये बाध्य होंगे। मध्यस्थता नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी और अंग्रेजी भाषा में होगी। उपरोक्त पर दिल्ली की अदालत का क्षेत्राधिकार होगा।

21–निविदा को निरस्त करने के सभी अधिकार निगम के पास सुरक्षित रहेंगे।

22–हमने निविदा के उपरोक्त सभी नियम व शर्तों को भली भाँति पढ़ व समझ लिया है तथा इन्हें स्वीकार करते हुये हस्ताक्षर करते हैं।

| क्र.सं. | निविदादाता का नाम व पता | निविदादाता का हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| | | |

प्रतिलिपिः–1–प्रभारी, अभियंत्रण, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

2. सूचना पट्ट ।

# " निविदा फॉर्म "

हम/मैं ................................ (नाम/फ़र्म का नाम) अनुपयुक्त सामग्री क्रय हेतु अपनी दरें निम्न प्रकार प्रस्तुत करता हूं। निविदा फार्म के साथ सलग्ंन निगम की सभी शर्ते एवं नियम मुझे मंजुर हैं और शर्ते मानने के लिए बाध्य हैं। निलामी में निगम के नियमानुसार देय टैक्स का मेरे द्वारा वहन किया जाएगा। निविदा प्रपत्र राशि, धरोहर राशि प्राप्ति रसीद/यू.टी.आर. स्लिप साथ में संलग्न की गयी है।

| क्र. सं. | अनुपयुक्त सामग्री का नाम | मात्रा (नग) | कुल धनराशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1. | Holding Bin | 3 | |
| 2. | Screen for Scalper | 15 | |
| 3. | Bag Closer(Portable) | 5 | |
| 4. | Weighing Balance (10Kg Size) | 3 | |
| 5. | Weighing Scale Electronic Balance 10 kg size | 3 | |
| 6. | Beam Balance 200 kg to 100 kg Size | 3 | |
| 7. | Weighing Balance Electronic 100 kg. 200 kg size | 2 | |
| 8. | Automatic Sealing Machine | 2 | |
| 9. | Weighing Balance System with panel 1 to 5 kg size | 1 | |
| 10. | Weighing Bagger System with panel 10 to 50 kg size | 1 | |
| 11. | V.B.Elevator | 9 | |
| 12. | Screen for Grader | 48 | |
| 13. | Padson Air Screw Seed Cleaner ECO-400 | 2 | |
| 14. | Nylon Coupling for Elevator | 6 | |
| 15. | Seed indent Cylinder | 1 | |
| 16. | Wooden Stool | 2 | |
| 17. | Bag Closer(conveyer) | 1 | |
| 18. | Moisture Meter Digital | 1 | |
| 19. | Clock for Generator | 1 | |
| 20. | Plairs | 1 | |
| 21. | Jeep DID -1589 | 1 | |
| | Total | | |

निविदा फार्म के साथ निम्नलिखित दस्तावेज़ भी साथ में संलग्नक हैं

| | |
|---|---|
| आधार कार्ड विवरण | |
| पैन कार्ड विवरण | |
| जी.एस.टी. नम्बर का विवरण | |

प्रार्थी के हस्ताक्षर/नाम – ........................................................
प्रार्थी का पताः – ........................................................
मोबाइल न0 – ........................................................